<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–30 दिसंबर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से की मन की बात। संविधान की सराहना करते हुए कहा– समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है संविधान।
- श्री मोदी ने लोगों से महाकुंभ की तैयारियों पर की चर्चा। महाकुंभ को एकता का महाकुंभ बताते हुए एकता के संकल्प को मजबूत करने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित कई गणमान्य नेताओं से की मुलाकात। दिया महाकुंभ में आने का निमंत्रण।
- प्रयागराज में महाकुंभ तीर्थ क्षेत्र में आज आयोजित होगा सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा कार्यक्रम में करेंगे सहभागिता।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के तहत अपने विचारों को साझा किया। अगले वर्ष छब्बीस जनवरी को भारतीय संविधान के पच्चीस वर्ष पूरे होने की चर्चा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर कई गतिविधियां शुरू हुई हैं जो पूरे वर्ष चलती रहेंगी। श्री मोदी ने कहा कि संविधान की विरासत से नागरिकों को जोड़ने के लिए www.constitution75.com के नाम से एक विशेष वेबसाइट बनाई गई है। उन्होंने मन की बात के श्रोताओं, बच्चों और युवाओं से इस वेबसाइट को देखने का अनुरोध किया।

***इसमें आप संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं। अलग–अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं। संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं। मन की बात के श्रोताओं से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से कॉलेज में जाने वाली युवाओं से, मेरा आग्रह है, इस वेबसाइट पर जरूर जाकर देखें, इसका हिस्सा बने।***

श्री मोदी ने अगले वर्ष तेरह जनवरी से प्रयागराज में संगम तट पर लगने वाले महाकुंभ की तैयारियों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ की तैयारी जोन–शोर से चल रही है।

श्री मोदी ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में नहीं है बल्कि इसकी विविधता में भी है। उन्होंने कुंभ को एकता का महाकुंभ बताते हुए लोगों से उसमें एकता के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया।

***13 तारीख से प्रयागराज में महाकुंभ भी होने जा रहा है। साथियों महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है, कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ो लोग एक साथ एकत्रित होते हैं, लाखों संत, हजारों परम्पराएं, सैकड़ों सम्प्रदाय, अनेकों अखाड़े हर कोई आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है। कोई बड़ा नहीं होता है, कोई छोटा नहीं होता है, अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा।***

श्री मोदी ने बताया कि कृष, तृष और बाल्टीबॉय, केटीबी, बच्चों में एक सुपरहिट एनीमेशन सीरीज है, जिसका दूसरा सीजन बड़े ही खास अंदाज में गोवा में अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म महोत्सव में शुरू हुआ था। इसे दूरदर्शन के साथ–साथ अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता है। आकाशवाणी से इस सीरीज का प्रसारण प्रत्येक रविवार को दिन में साढ़े दस बजे किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष दो हजार पन्द्रह से दो हजार तेइस के दौरान भारत में मलेरिया के मामलों और इसके कारण हुई मौतों में अस्सी प्रतिशत तक की कमी आई है।

***भारत में मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई है। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। मलेरिया की मॉनिटरिंग के लिए जन भागीदारी काफी सफल रही नुक्कड़ नाटक और रेडियो के जरिए ऐसे संदेशों पर जोर दिया गया जिससे मच्छरों की ब्रीडिंग कम करने में काफी मदद मिली है।***

प्रधानमंत्री ने विश्व की प्रसिद्ध चिकित्सा पत्रिका लेंसेट का अध्ययन भी साझा किया, जिसके अनुसार भारत में कैंसर का उपचार समय पर शुरू करने की संभावना काफी बढ गई है। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार शुरू करने का अर्थ है, तीस दिन के भीतर कैंसर रोगी का उपचार शुरू होना और आयुष्मान भारत योजना ने इसमें बडी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस योजना के कारण नब्बे प्रतिशत कैंसर रोगियों का उपचार समय पर शुरू हो सका है।

**********

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कल अयोध्या में रामलला के दर्शन किये। दर्शन–पूजन के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान श्री मेघवाल ने वन नेशन वन इलेक्शन और वक्फ अमेंडमेंट बिल पर कहा कि यह दोनों विधेयक ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के पास

है जब रिपोर्ट आएगी तो इसे सदन में रखा जाएगा। अयोध्या के बारे में अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि अयोध्या धीरे–धीरे आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित हो रही है।

***धीरे–धीरे बहुत तेजी से येएक आध्यात्मिक केन्द्र के रूप में विकसित हो रहा है। यह बहुत शुभ संकेत है। आज भी मैंने देखा तो पता लगा कि लाखों लोग डेली आ रहे हैं, तो यह एक सांस्कृतिक चेतना जो जाग रही है वो देश के लिए बहुत अच्छी बात है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल नई दिल्ली में कई गणमान्य नेताओं से मुलाकात करके उन्हें महाकुंभ–दो हजार पच्चीस में आने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से भेंट करके उन्हें प्रयागराज में होने जा रहे महाकुम्भ के लिए आमंत्रित किया। श्री योगी ने विशिष्टजनों को निमंत्रण पत्र के साथ ही महाकुम्भ–दो हजार पच्चीस के लोगो वाला प्रतीक चिह्न, कलश, महाकुम्भ से जुड़ा साहित्य, नववर्ष का टेबल कैलेंडर और डायरी भेंट की। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह से भी मुलाकात की और उन्हें महाकुम्भ के लिये आमंत्रित किया।

**********

महाकुंभ तीर्थ क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आज वहां सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाएगा। प्रदेश के नगर विकास और उर्जा मंत्री एके शर्मा इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस दौरान नागवासुकी मंदिर से दशाश्वमेध घाट तक सफाई होगी, जिसमें श्री शर्मा भी श्रमदान करेंगे।

**********

प्रयागराज में महाकुम्भ के दौरान लाखों तीर्थयात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा सुविधा प्रदान करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे तेरह हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन करेगा। इन ट्रेनों में दस हजार से अधिक नियमित गाड़ियां यात्रियों की सेवा में होंगी। आवागमन के दौरान भीड़भाड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की यात्रा को आसान बनाने के लिए 46 ट्रेनों को प्रयागराज और नैनी जंक्शन पर अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा। इसके साथ ही तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए रिंग रेल मेमू सेवा भी शुरू की जाएगी। यह सेवा अयोध्या काशी और चित्रकूट जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा को सहज और सुगम बनाएगी।

**********

अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए हर तरह के प्रबंध किये जा रहे हैं। राम मंदिर को आकाशीय बिजली से बचाने के लिए लाइटनिंग एरेस्टर बनाए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट–

***अयोध्या मे राम मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन की बैठक के पहले चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर को आकाशीय बिजली से बचाने के लिए लाइटनिंग एरेस्टर बनाए जा रहे हैं शिखर से 28 कॉपर के तार नीचे आएंगे जो ग्राउंड करके जमीन के अंदर ले जाए जाएंगे इसके लिए संबंधित मंत्रालय से भी राय ली गई है उन्होनें बताया कि मंदिर के ऊपर से यदि कोई हवाई जहाज उड़ता है तो उसके लिए भी उनको संकेत मिले कि यहां पर इतनी ऊंचाई का निर्माण है राम मंदिर को लेकर एवियशन सेफ्टी भी देखी जा रही है नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर का सभी निर्माण 2025 में पूरा कर लिया जाएगा।***

**********

गोरखपुर के सोनबरसा बाजार में ग्यारह हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार के एक दो पहिया वाहन पर गिर जाने से वाहन में आग लग गयी और उसकी चपेट में आकर दो बच्चों सहित तीन लोगों की जलकर मौत हो गयी। बिजली विभाग के अनुसार तार बंदर के कूदने से टूटा था।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में कोहरे का प्रभाव बढ़ गया है, जिसके चलते जन–जीवन प्रभावित होने लगा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, वाराणसी सहित कई जिलों में देर शाम से लेकर सुबह तक पड़ने वाले कोहरे के चलते वाहनों की रफ्तार पर असर पड़ा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार एक सप्ताह तक प्रदेश में कई स्थानों पर कोहरा छाने का क्रम जारी रहेगा।

**********

उत्तराखण्ड में आयोजित होने वाले अड़तीसवें राष्ट्रीय खेल में प्रतिभाग के लिये खिलाड़ियों के चयन के क्रम में कल लखनऊ के चौक स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दो सौ चालीस खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। अट्ठारह गोल्ड, बारह रजत और आठ कांस्य पदक के साथ लखनऊ की टीम प्रतियोगिता की विजेता बनी।

**********